Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of Sep– 2023

No. IB/ETC/GZB/2023--24/05

1. - केस स्टडी -1

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
06.09.2023	23896+23904/RTM	UP/MIGK	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 06.09.2023 को LPG/SLN गाड़ी संख्या UP/MIGK लोको संख्या 23896+23904/RTM का AMG-ROZA के मध्य UP/MIGK 02 घंटे से ज्यादा ब्लॉक सेक्शन में खड़ी रही जिसके कारण 10 मेल एक्सप्रेस एवं 12 मालगाड़ियों की समय बाध्यता की हानि हुई।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 06.09.2023 को LPG/SLN गाड़ी संख्या UP/MIGK लोको संख्या 23896+23904/RTM का AMG-ROZA के मध्य संचालन कर रहे थे। HRI से गाड़ी पास होने के बाद अचानक लोको में नाच आनी बंद हो गई जिसके कारण गाड़ी कि. मी. सं 1180/21 पर जाकर खड़ी हो गयी। LPG/SLN ने TLC/MB को इसकी जानकारी दी जिसके बाद LP ने दोनों लोको के GR DRUM को चेक किया एवं दोनों को सही पाया। LP द्वारा पिछले लोको को डेड करके अकेले लोको से कोशिश की गयी लेकिन सफलता नहीं मिली। LP ने ब्लॉक सेक्शन साफ़ करने के लिए HBA को '0' पर रखा व Q-51 को वैज किया परन्तु सफलता नहीं मिली। LP ने उसके बाद RELIEF लोको की माँग की।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	यदि लीडिंग लोको में नाच नही आता है तो लीडिंग लोको का - 1. LSGR नहीं बुझेगा। • NR (नाच रिपीटर) काम नहीं करेगा। • अमीटर के कांटे नहीं चलेंगे। 2. यदि ट्रेलिंग लोको में नाच नहीं आता है तो लीडिंग लोको का केवल LSGR नहीं बुझेगा। लीडिंग लोको में LSGR के बुझने से इस बात का पता चलता है कि दोनों लोको में नाच आ रही है और यदि फिर भी कर्षण बल की पूर्ण हानि/ आंशिक हानि की समस्या हो तो, ट्रैक्शन मोटर के लाइन कांटेक्टर के बन्द न होने के कारण कौन से लोको में खराबी है यह जानने के लिए दोनों लोको के अमीटरों की जांच करें। 3. यदि LSGRR/LSGRO का मॉडिफिकेशन है तो लीडिंग लोको में LSGRR/LSGRO लैंप जलेगा। 4. इस स्थिति में लीडिंग लोको का LSGR बुझा रहेगा अमीटर के कांटे चलेंगे और NR भी काम करेगा। **दोष निवारण प्रक्रिया:** **लीडींग लोको:** यदि लीडिंग लोको में खराबी है तो अकेले लोको की TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग करनी चाहिए और यदि ट्रबल शूटिंग करने के बाद भी लीडिंग लोको में MP/EEC द्वारा नाच नहीं आती है लेकिन ट्रेलिंग लोको में नाच आती है तो लीडिंग लोको के GR के SMGR हैंडल को 6 बजे की पोजीशन से 3 बजे की पोजीशन में कर निकाल लें और लीडिंग लोको से गाड़ी चलाएं। **ट्रेलिंग लोको:** यदि ट्रेलिंग लोको में खराबी है तो अकेले लोको की TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग करें और यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो SMGR हैंडल को 6 बजे की पोजीशन से 3 बजे की पोजीशन में कर निकाल लें और केवल लीडिंग लोको से गाड़ी चलाये। **MP से नाच लेने पर नाच नहीं आता LSGR लैंप नहीं बुझता है।** 1. LSB लैंप का बुझा होना सुनिश्चित करे।यदि LSB लैंप जल रहा हो LSB से सम्बंधित ट्रबलशूटिंग करे। a. BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² होना सुनिश्चित करके A-9 से BP प्रेशर 3.0 Kg/cm² तक प्रेशर ड्राप करे उसके बाद A-9 को पुन: रिलीज पर रखे।		

	2. EEC के द्वारा ट्रैक्शन लेने की कोशिश करे । 3. BL key को 2-3 बार ऑपरेट करे। 4. रिले Q-51 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे। यदि इनरजाइज है तो- (i) QRS का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे। (ii) यदि डीइनरंजाइज है तो RGEB -2 का कॉक खुला होना सुनिश्चित करे। (iii) फ्यूज CCLS का सही होना देखे। (iv) यदि उपरोक्त सब सही है तो QRS को इनरजाइज हालत में वेज करे। (v) यदि रिले QRS इनरजाइज है तो रिले PR-2 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे यदि इनरजाइज हो तो डीइनरजाइज हालत में वेज करे।सफलता न मिले तो - (vi) रिले Q-51 को डीइनरजाइज हालत में वेज करे। (vii) यदि स्विच HPAR /HQ-51 उपलब्ध है तो उसकी पोजीशन बदलकर देखे। 5. रिले Q-52 का डीइनरजाइज होना सुनिश्चित करे यदि इनरजाइज मिले तो हाथ से दो तीन बार ऑपरेट करे। यदि Q-52 इनरजाइज बनी रहती है तो TLC को सूचित करे।। 6. यदि रिले Q-51 और Q-52 डीइनरजाइज मिले तो – (i) SMGR का प्रेशर 2.5 – 3.8 kg/cm² होना सुनिश्चित करे। (ii) स्विच ZSMS का सही पोजीशन पर होना सुनिश्चित करे। (iii) सुनिश्चित करे की पेको स्विच(SMGR हैंडल के नीचे लगा स्विच) दबी हुयी अवस्था में न हो। GR को SMGR हैंडल द्वारा 0 से 1 तथा फिर 1 से 0 ऑपरेट करे तथा ट्रैक्शन लेने की कोशिश करे। यदि अब भी सफलता नहीं मिलती है पिछली कैब से ब्लाक सेक्शन साफ़ करे। यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो GR का मैन्युअल कंट्रोल करके नियमानुसार अधिकतम 15 KMPH की गति से ब्लाक सेक्शन साफ़ करे एवं TLC को सूचित करे।
टिप्पणी	**गलत कार्य :** लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप से समयहानि हुयी।

2. - केस स्टडी -2

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
17.09.2023	31312/GMO	LE	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 17.09.2023 को LPG/MB द्वारा PKW स्टेशन पर लोको का शंटिग के लिए संचालन किया जा रहा था। PKW स्टेशन पर लोको न० 31312/GMO लाइन न० 2 अप मेन लाइन से लाइन नम्बर- 4 पर स्टेबल गाडी संख्या DN CH SPL पर अटेच करने हेतु T-806 मिला जिसके अनुसार शंटिग हेतु लाइन न० 2,3 व 4 का प्रयोग करना था, परन्तु क्रू द्वारा बिना शंटिग मूवमेंट समझे, GZB END से शंटिग करने के बजाय HPU END से शंटिग करनी शुरू कर दी जिसके कारण पॉइंट न० 43B ट्रेल थ्रू हो गया एवं 04 घंटे ब्लॉक सेक्शन जाम रहा जिस कारण 06 मेल एक्सप्रेस के साथ साथ 05 माल गाडियों की समय बाध्यता की हानि हुई।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	➢ चालक दल का T/806 पर दर्ज कार्य को बिना समझे, HPU END से शंटिग शुरू करना। ➢ ट्रेन प्रबंधक व पोर्टर लोको कैब मे बैठे था। ➢ क्रू द्वारा स्टॉप बोर्ड से पहले लोको को नही रोकना। ➢ नोन सिग्नलिंग END से शंटिग के दौरान क्रू द्वारा काँटे किस लाइन के लिए सेट है तथा क्लैंपिंग सुनिश्चित नही कराना। ➢ नॉन सिग्नलिंग लाइन से शंटिग के दौरान पॉइन्ट को क्लैम्प कराना आवश्यक है, की जानकारी क्रू को ना होना। ➢ पॉइंट न० 43B ट्रेल थ्रू होने के बाद, क्रू द्वारा लोको को back करना।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको	➢ T/806 को पूर्ण रूप से पढकर उसे समझना चाहिए। ➢ स्टेशन सीमा मे लगे स्टॉप बोर्ड पर खडा होना चाहिए।		

पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	➢ ट्रेलिंग/फेसिंग पॉइंट से 20 मीटर पहले खड़ा होना चाहिए व शंटिंग स्टाफ के द्वारा पॉइंट सही तरीके मे सेट है या नही यह सुनिश्चित कराया जाना चाहिए एवं खुद भी सुनिश्चित करना चाहिए। ➢ पॉइंट ट्रेल थ्रू होने के किसी हालत में लोको को बैक नही करना चाहिए।
टिप्पणी	**गलत कार्य** : लोको पायलट को यातायात नियमो की सही जानकारी न होने के कारण 06 मेल एक्सप्रेस के साथ साथ 05 माल गाडियों को अनावश्यक समयहानि हुयी।

3. - केस स्टडी -3

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
22.09.2023	30634/ BRC	19407	मुरादाबाद
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 22.09.2023 को LPM/MB के द्वारा गाडी संख्या 19407 लोको संख्या 30634/BRC का संचालन किया जा रहा था। गाड़ी संख्या 19407 को LDP स्टेशन पर लाइन क्लियर न होने की वजह से रोका गया। गाड़ी रुकने के बाद LPM/MB ने लोको के UNDERFRAME का निरिक्षण किया और पाया कि AXLE BOX में लगे 06 BOLTS में से केवल 03 BOLTS ही AXLE BOX पर लगे है। LPM/MB ने तुरंत इसकी सूचना TLC/MB को और सावधानी पूर्वक इसका संचालन MB स्टेशन तक किया जहाँ CLI और FITTER द्वारा लोको को अटेंड कराया गया एवं AXLE BOX पर 02 BOLTS और लगाये गए। उसके बाद गाड़ी का प्रस्थान मुरादाबाद से हुआ। जाने वाले लोको पायलट ने भी हर स्टॉपिज पर लोको को चेक किया और HRI में दोबारा BOLTS निकलने की स्थिति में लोको को FAIL कर दिया गया।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	➢ गाड़ी के रुकने पर UNDERFRAME की जांच की। ➢ अनियमितता मिलने पर TLC को इसकी सूचना दी।		
सामन्य / सहायक नियमानुसार / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	➢ गाड़ी के स्टॉपिज स्टेशन पर या अन्य स्थान जहाँ गाड़ी को रोका जाये वहाँ पर UNDERFRAME की जांच अवश्य करें एवं कोई भी अनियमितता मिलने पर TLC को इसकी सूचना दें।		
टिप्पणी	**सही कार्य** :लोको पायलट मुरादाबाद की जागरूकता के कारण एक मिड सेक्शन Failure एवं संभवतः एक DERAILMENT होने से बच गया।		

4. - केस स्टडी -4

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
05.09.2023	27441/JHS	GDGH	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक 05.09.2023 को ट्रेन स० GDGH लोको स० 27441/JHS के लोको पायलट को विद्युत लोको में लगी रिलो कि स्थिति और लोकेशन (इनरजाइज/ डी इनरजाइज/ लॉक्ड) के बारे में ज्ञान न होना।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक 05.09.2023 को ट्रेन स० GDGH लोको स० 27441/JHS समय 17:15 मिनट पर SLKN स्टेशन की मेन लाइन पर खड़ी हो गयी। लोको पायलट ने कॉरिडोर इंस्पेक्शन कर TLC/ NDLS को बताया की रिले QLM का टारगेट गिरा हुआ है।और लोको को फेल करने की मांग की साथ ही बताया की VCB क्लोज है और नाच भी आ		

N.Rly.

	रही है । जिसके बाद TLC द्वारा कहने पर रिले QLM का टारगेट दोबारा देखने को कहा गया QLM रिले का टारगेट सही पाया गया ।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही	**QLM की TSD तकनीकी सर्कुलर न० DLI/RSO-4 /2023 दिनांक :19.09.2023**
टिप्पणी	**गलत कार्य – स्पस्ट है की लोको पायलट को विद्युत लोको के रिलो व अन्य उपकरणों की लोकेशन और स्थिति की सही जानकारी नहीं थी ।**

5. - केस स्टडी - 5

दिनांक	**लोको न० / शेड**	**गाड़ी न०**	**मंडल**
17.09.2023	(30140+30163)/GZB	LE (MU-WAP-5)	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक :14.09.2023 को लोको स० (30140+30163)/GZB, WAP-5 मल्टीपल यूनिट के SBB - A पैनल के बीच फेल होने के सम्बन्ध में ।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक :14.09.2023 को लोको स० (30140+30163)/GZB, WAP-5 मल्टीपल यूनिट का चार्ज लोको पायलट ने लिया और GZB से उसका प्रस्थान समय 05:30 पर हुआ । SBB-A पैनल के बीच न्यूट्रल सेक्शन पास करने के बाद लोको की रूफ पर फ्लैशिंग के साथ VCB ओपन हो गया और पैंटो बैठ गया और दोबारा पैंटो नहीं उठा ,लोको पायलट ने कोस्टिंग में लोको A पैनल तक पंहुचा और समय 07:15 पर लोको को विफल घोषित किया गया । जांच के बाद पता चला कि लोको पायलट ने LPS से जब चार्ज लिया तो उस समय WAP-5 मल्टीपल यूनिट के दोनों पैंटो उठे थे । जिस कारण उपरोक्त घटना हुयी ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	**WAP-5 लोको का मल्टीपल यूनिट लोको पर कार्य करने हेतु निर्देश (केवल एक पैंटो कार्यरत)** दो WAP-5 लोको का मल्टीप्ल ऑपरेशन करने के लिए दो WAP-5 लोको को कैब 2 की तरफ से जोड़ा गया है । इन लोको में कैब 2 के उपर लगे पैंटोग्राफ को हटा दिया गया है । इन लोको में आपस में नियमानुसार CBC कपलर , BP+ FP पाइप , MR/DB पाइप जोड़े गए है । दोनों लोको की रूफ बार HV कपलर द्वारा आपस में सीधे जोड़े गए है जिससे मास्टर लोको के पेंटो के रेज होने पर OHE की 25 KV की सप्लाई स्लेव लोको के रूफ बार को भी जाती है । आगे के लोको से पीछे वाले लोको को कमांड देने के लिए दोनों लोको के UIC कपलर आपस में जोड़े गए है । इस MU यूनिट लोको को लाइन पर अलग नहीं किया जा सकता । BPCS का आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है । इस प्रकार के लोको में IG-38 key केवल मास्टर लोको में ही लगी रहेगी । दोनों लोको में PSS-85 न० स्विच की पोजीशन "I" पर रहेगी तथा कॉक न० 136 मास्टर लोको में खुला व स्लेव लोको में बंद पोजीशन पर रहेगा । **नोट – WAP-5 लोको की MU यूनिट में कार्य के दौरान केवल एक पैंटो (मास्टर लोको) ही कार्यरत (उठा) रहेगा तथा साथ ही साथ मंडल कार्यालय से जारी तकनीकी सर्कुलर DLI/RSO-6 /2023 दिनांक :05.10.2023 का पालन करे ।**		
टिप्पणी	**गलत कार्य : लोको पायलट शंटर की poor knowledge होने के कारण उपरोक्त घटना हुयी साथ ही लोको पायलट ने भी सिर्फ एक पैंटो का उठा होना सुनिश्चित नहीं किया ।**		

6. - केस स्टडी -6

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
17.09.2023	23544/ASN	GFPA	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक :17.09.2023 को गाडी स० GFPA लोको स० 23544/ASN के फेल हो जाने के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक :17.09.2023 को गाड़ी स० GFPA लोको स० 23544/ASN समय 21:20 बजे NRW स्टेशन से पास होते समय VCB खुल गया। चैक करने पर लोको पायलट को पता चला की कंप्रेसर और ब्लोअर कार्य नहीं कर रहे है। और BP प्रेशर 4.1 kg/cm² हो गया है । लोको पायलट ने उक्त विषय के बारे में अपने नॉमिनेटेड CLI को बताया और उनके सुझाव के अनुसार C-101 को वेज किया सफलता मिलने पर समय 21:40 बजे 05 नाच से ही ब्लाक सेक्शन साफ़ किया। समय 22:11 बजे गाड़ी DHY स्टेशन पर पहुची और लोको पायलट ने जांच की तो उसे फ्यूज CCA मेल्ट मिला जिसे उसने स्पेयर फ्यूज से बदल दिया। इसके बाद जैसे ही गाड़ी ने JHL स्टेशन को पास किया 6 नाच लेने पर VCB खुल गया। जांच करने पर पाय की पुन: फ्यूज CCA मेल्ट हो गया है चुकी अब लोको में स्पेयर फ्यूज उपलब्ध नहीं थे तो स्टेशन मास्टर के अनुसार लोड को बेक कराकर ब्लाक सेक्शन क्लियर किया गया और समय 00:25 बजे लोको को फेल घोषित किया गया।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	**HOBA ऑफ करने पर भी फ्यूज CCA मैल्ट होने पर की जाने वाली कार्यवाही:-** 1. HOBA को ऑन कीजिये, CCA फ्यूज मत बदलिए । 2. C-105, C-106 तथा C-107 को वेज करके सम्बंधित सावधानियो का पालन करे। 3. लोको में कंप्रेसर की उपलब्धता के अनुसार C-101 या C-102 में से कोई एक अथवा C-101, C-102, C-103 में से अधिकतम कोई दो कांटैक्टरों को वेज कीजिये। 4. Q-118 तथा BP_2DJ की सहायता से VCB बंद करें LSDJ तथा LSCHBA के बुझने पर BP_2DJ को छोड़ दें तथा सभी ब्लोवरों के चलने के बाद Q-118 को छोड़ दें। 5. यदि LSCHBA ना बुझे तो दोनों को 4 सैकिंड में छोड़ दें। 6. MR का प्रेशर 8 Kg/cm² से 10 Kg/cm² के बीच बनाये रखने के लिए RS के ड्रेन कॉक से लीकेज बनायें।		
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप से समयहानि हुयी।		

7. केस स्टडी -7

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
27.09.2023	22667/DLTB	12754	दिल्ली
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 12754, लोको स० 22667/DLTB के अनावश्यक रूप से फेल करने के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 12754, लोको स० 22667/DLTB का समय 22:46 बजे NZM से प्रस्थान हुआ। जिसके बाद SIV यूनिट के मेसेज "waiting for command" VCB खुल गया और गाड़ी NZM-OKA के बीच खड़ी हो गयी। और लैंप		

N.Rly.

	LSCHBA और LSGR जल रहे थे । सुझाव के अनुसार लोको पायलट ने फ्यूज CCINV को चैक किया और बैटरी को 03 मिनट तक ऑफ करके ऑन किया परन्तु सफलता नहीं मिली । इस्के बाद लोको पायलट ने QSVM को थपथपाया जिसके बाद SIV तो स्टार्ट हो गया परन्तु CP स्टार्ट नहीं हुए तब लोको पायलट को रिले QTD-101 को वेज करने के लिए कहा गया परन्तु लोको पायलट रिले को खोजने में ही असमर्थ रहा जिसके बाद उसे कंप्रेसर के कांटेक्टर को वेज करने के लिए कहा गया जिसके बाद लोको पायलट ने उसे वेज किया प्ररन्तु प्रेशर 4.0 kg/cm² से अधिक नहीं बढ़ा जिसके बाद TLC द्वारा समय 23:18 बजे लोको को विफल घोषित किया गया ।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	**स्टेटिक कनवर्टर काम न करता हो और LSCHBA लैम्प जलता रहता है ।** 1. 15 सैकिंड के बाद VCB खोलें दुबारा VCB बंद करें यदि सफलता मिल जाये तो गाड़ी काम करें । 2. OHE आउट ऑफ़ रेंज लैम्प/मैसेज की जांच करें । यदि जल रहा हो या स्क्रीन पर OHE आउट ऑफ़ रेंज का मैसेज आ रहा हो तो U मीटर देखें। यदि OHE 16.5 KV से कम तथा 30 KV से ज्यादा है तो TPC से OHE नार्मल रेंज में कराने को कहें । यदि OHE ठीक हो तो- 3. लोको में MR प्रेशर पर्याप्त हो तो CCINV फ्यूज को निकाल दें और BLVMT को ऑफ करके HVSI-1 और HVSI-2 को पोजीशन '3' पर रखकर 5 नाच से ब्लाक सैक्शन साफ करने की कोशिश करें। ब्लाक सैक्शन साफ करने के बाद BLVMT को ऑन करें तथा HVSI-1 और HVSI-1 को पोजीशन '1' पर करके निम्न प्रकार ट्रबल शूटिंग करें । 4. CCINV तथा CCA फ्यूज की जांच करें यदि गल गया हो तो बदल दें यदि दुबारा गल जाये तो HOBAको ऑफ करके बदलें। यदि अब भी फ्यूज गल जाये तो TLC से बात करें । 5. BLVMT की बंद हालत में रिले QSVM की जांच करें, यदि QSVM डीइनरजाइज हो तो इनरजाइज हालत में वेज करें । इसे वेज करने के बाद जब भी VCB बंद करें पहले BLVMT स्विच को बंद पोजीशन में ही रखें । 6. BL key को 2 से 3 बार चलायें । 7. रिले QV-60 के इंटरलॉक साफ करें । 8. HOBA को ऑफ करके कोशिश कीजिये । 9. रिसेट पुश बटन को दबाकर कोशिश कीजिये। यदि सफलता न मिले या रिसेट पुश बटन न हो तो IP कटआउट कॉक को बंद करके ZPT को '0' पर करें तथा HBA को पोजीशन '0' पर करके 10 सैकिंड से थोड़ा ज्यादा इंतजार करके पुनः '1' पर करके पैंटो उठाकर VCB बंद कर कोशिश करें । 10. सफलता न मिले तो पिछली कैब से कोशिश करें । 11. अन्यथा TLC से बात करें ।
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप मे समयहानि हुयी ।

8. **केस स्टडी -8**

दिनांक	**लोको न० / शेड**	**गाड़ी न०**	**मंडल**
27.09.2023	22630/BSL	12055	दिल्ली

UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 12055, लोको स० 22630/BSL के अनावश्यक रोप से हुयी समय्हानी के सम्बन्ध में ।

<table>
<tr><td>लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग</td><td>दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 12055, लोको स० 22630/BSL का समय 17:29 बजे NDLS से प्रस्थान हुआ । यमुना ब्रिज नेत्रक सेक्शन पास करने बाद नो टेंशन के कारण VCB बंद नहीं हुआ । जिसकी सूचना TLC/NDLS को समय 17:50 पर दी गयी जिसके बाद दुसरे पैंटो को उठाया गया परन्तु chattering हुई VCB क्लोज नहीं हुआ जिस कारण गाड़ी SBB-B पैनल के बीच खड़ीं हो गयी ।लोको पायलट ने AR,MR और PR प्रेशर को चैक किया और प्रेशर 4.0 kg/cm² देखा , TLC ने लोको पायलट को R-1 कॉक को आइसोलेट करने को कहा परन्तु लोको पायलट R-1 कॉक को खोजने में असफल रहा , जिसके बाद लोको पायलट ने VEPT-1 & 2 को बारी बारी से आइसोलेट किया परन्तु सफलता नहीं मिली फिर बाद में जब R-1 कॉक का पता चला तो उसको आइसोलेट किया गया और सफलता मिल गयी जिसके बाद समय 18:16 बजे गाड़ी का प्रस्थान हुआ ।</td></tr>
<tr><td>TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही</td><td>MCPA के कार्य न करने पर कार्यवाही -
1. ZCPA स्विच को दो तीन बार चलायें।
2. HBA को '1' पर होने की तसल्ली करके बैटरी वोल्टेज का 90 वोल्ट से अधिक होना देखें ।
3. CCBA फ्यूज के सही होने की जाँच करें। अन्यथा नियमानुसार बदली करें।
4. ZCPA स्विच के कनेक्शन ठीक प्रकार से लगे होने की तसल्ली करें।
5. अन्यथा TLCसे बात करें।
पैंटोग्राफ नहीं उठता –
1. HBA को '1' पर होने की तसल्ली करके बैटरी वोल्टेज का 90 वोल्ट से अधिक होना देखें।
2. MR/RS गेज में प्रेशर 6.5 Kg/cm² से अधिक होना सुनिश्चित करे।
3. ZPT को '1' पर करके पिछला पैंटो का उठाना देखे, यदि ना उठे तो ZPT को '2' पर करके अगले पैंटो को उठाये यदि दोनों पैंटो न उठे तो –
• BPEMS का सामान्य अवस्था में होना सुनिश्चित करे।
• फ्यूज CCBA और CCPT का सही होना चैक करे।
• VEPT कॉक के खुले होने की तसल्ली करे यदि खुले है तो वाल्व टेप करे।
• थ्रोटल वाल्व को हल्के हाथ से टेप करे।
• HOM हैंडल का सही पोजीशन (नीचे की तरफ) पर होना सुनिश्चित करे।
• यदि HLS स्विच लगा है तो उसकी पोजीशन बदलकर देखे।
कैब बदलकर प्रयास करे अन्यथा TLC से बात करे।
नोट – विभिन्न लोको में R-1 कॉक की पोजीशन –
1. WAG-5 – व्हील न० 4 के पास
2. WAG-7 में व्हील न० 6 और 7 के पास
3. WAP-4 में कैब -1 में लगे CPA के पास</td></tr>
<tr><td>टिप्पणी</td><td>गलत कार्य : लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप से समयहानि हुयी।</td></tr>
</table>

9. केस स्टडी -9

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
27.09.2023	30330/GZB	14650	फिरोजपुर
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 14650, लोको स० 30330/GZB के फाउलिंग मार्क साफ़ करके खड़ी न करने के सम्बन्ध में।		

N.Rly.

लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 27.09.2023, गाड़ी स० 14650, लोको स० 30330/GZB के विषय में ट्रैफिक कंट्रोलर ने सूचित किया की उपरोक्त गाड़ी के लोको पायलट ने फाउलिंग मार्क साफ़ करके गाड़ी खड़ी नहीं की। लोको पायलट से सम्पर्क करने पर लोको पायलट ने बताया की गाडी का आगमन PF – 2 पर होना था परन्तु PF-3 पर गाड़ी को रिसीव किया गया और उसने प्लेटफॉर्म एंड पर उसने गाड़ी को खड़ा किया और उसे फाउलिंग मार्क के विषय में ज्ञात नहीं था और Walkie-Talkie पर भी साफ़ आवाज नहीं आ रही थी किस कारण उपरोक्त घटना हुयी।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	• हमेशा गाड़ी को रोकते समय लोको पायलट को चाहिए की ट्रेन मेनेजर से फाऊलिंग मार्क साफ़ होने की तसल्ली अवश्य करे। • वैगन/कोच की संख्यां (लाइन कैपेसिटी) के अनुसार ही लोको खड़ा करे। • ई.एम्.यु. गाँड़ी के मामलो में इजन स्टॉप बोर्ड पर इंजन को रोके। • अन्यथा सिगनल की जड़ तक जाकर लोको को रोके।
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट को यातायात नियमो की सही जानकारी न होने के कारण गाड़ी को अनावश्यक रूप से समय हानि हुयी।

10. केस स्टडी -10

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
29.09.2023	30478/HWH	13151	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक :29.09.2023 को गाड़ी स० 12151, लोको स० 30478/07 का प्रस्थान HWH: 58 स्टेशन से AYC बजेप्रस्थान के बाद ब्रेक पॉवर टेस्ट के दौरान होने वाली समयहानि के सम्बन्ध में।		
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 29.09.2023 को गाड़ी स० 12151 , लोको स० 30478/HWH का प्रस्थान 07:58 बजे AYC स्टेशन से हुआ। लोको पायलट के ब्रेक टेस्ट के दौरान गाड़ी ब्लाक सेक्शन में खड़ी हो गयी। लोको पायलट द्वारा जाँच करने पर सभी प्रेशर और AFI भी सामान्य पायी गई। लोको पायलट ने बताया की ट्रैक्शन देने पर गाड़ी मूव नहीं हो पा रही है। लोको पायलट ने स्विच न० 152 को भी ऑपरेट किया साथ ही ट्रैक्शन बोगी -1 और 2 को भी आइसोलेट करके देखा इसके बाद CE को भी ऑफ/ऑन करके देखा। पूछने पर लोको पायलट ने बताया की TE मीटर की नीडल मूव कर रही है जिसके बाद TLC द्वारा ब्रेक बाईडिंग की जाँच करने के लिए कहा गया। जाँच करने पर गाड़ी को जाम पाया गया जिसे रिलीज करने के बाद समय 09:00 बजे गाड़ी का प्रस्थान हुआ।		
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	अगर ट्रैक्शन देने पर भी पैनल A पर लगे बोगी -1 और 2 के कांटे move करते है परन्तु गाड़ी move नहीं होती तो लोको पायलट को अपना BP, MR प्रेशर को चैक करते हुए गाड़ी में ब्रेक बाइंडिंग की जाँच करनी चाहिए अगर गाड़ी में ब्रेक बाइंडिंग है तो ब्रेक बाइंडिंग के कारण का पता करके ब्रेक बाइंडिंग रिल्लेज करे।		
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप से समयहानि हुयी।		

11. केस स्टडी -11

दिनांक	लोको न० / शेड	गाड़ी न०	मंडल
29.09.2023	37069/RPM	12512	लखनऊ
UOR/फेलियर विवरण	दिनांक : 29.09.2023, गाड़ी स० 12512, लोको स० 37069/RPM हरौनी स्टेशन को पास करते समय अचानक समय BP प्रेशर ड्राप होने के कारण होने वाली समय हानी		

	के सम्बन्ध में।
लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग	दिनांक : 29.09.2023, गाड़ी स० 12512, लोको स० 37069/RPM हरौनी स्टेशन को पास करते समय अचानक समय 09:08 मिनट BP प्रेशर ड्राप होने के कारण पर खड़ी हो गयी। सहायक लोको पायलट और ट्रेन मेनेजर के द्वारा जाँच करने पर कही भी लीकेज नहीं मिली जिसके बाद MCE ऑफ/ऑन करने पर सफलता मिल गयी और गाड़ी का 18 मिनट देरी से प्रस्थान हुआ। बाद में DDS की जाँच करने पर पता चला की BP प्रेशर ड्राप होने के समय FLG 1: 0020 Emergency Brake Vigilence का LOG पाया गया।
TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही	Emergency Brake Vigilence का मेसेज आने पर की जाने वाली कार्यवाही - A. यदि यह मैसेज लोको पायलट द्वारा VCD को Acknowledge न करने की वजह से आया हो तो – 1. थ्रोटल को '0' पर लाये। 2. A-9 को इमरजेंसी पर रखे जिससे MR ड्राप नहीं होगा। 3. 120 सेकंड इंतज़ार करे। 4. अब चालक डेस्क पर A पैनल पर लगे बटन BPVR को दबाये LSVW का बुझना तथा बजर का बंद होना सुनिश्चित करे। नोट - CCB युक्त वाले लोको में BPVR को 32 सेकंड के बाद दबाये उसमे VCD रिसेट का समय 32 सेकंड है। 5. विजीलेंस पैडल स्विच को एक बार दबाकर छोड़ दे। 6. BPFA को दबाये। 7. पेनल्टी ब्रेक रिसेट करने के बाद A-9 हैंडल को Run पर रखे और BP प्रेशर 5.0 Kg/cm² होना देखे। 8. यदि सफलता न मिले तो कन्ट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स को VCU रिसेट पुश बटन द्वारा रिसेट करे, यदि VCU रिसेट पुश बटन नहीं लगा है या सफलता न मिलने पर BL key द्वारा CE OFF/ON करे करके पैंटो उठाये VCB क्लोज करे यदि सब सामान्य है तो गाड़ी कार्य करे। B. अगर लोको पायलट के सतर्क होने के बाद भी विजीलेंस ब्रेक लगती है तो इसका मतलब या तो 1. VCD ख़राब हो गयी है या LP साइड का VCD Acknowledge करने वाला पैडल स्विच ख़राब है अतः CE को ऑफ करे SB-1 में लगे विजीलांस आइसोलेट कट आउट स्विच 237.1 को '0' पर करके विजीलेंस डिवाइस को आइसोलेट कर दे। 2. CE को ऑन करे पैंटो उठाये, VCB क्लोज करे और विजिलेंस डिवाइस के आइसोलेटेड स्थिति में ट्रैक्शन चालू करे। 3. TLC को सूचित करे और सतर्क रहे। **नोट – लोकों पायलट को प्रत्येक 60 सेकंड में चाहिए की VCD को एक्नालेज करने वाले उपलब्ध साधनों का अवश्य प्रयोग करे।**
टिप्पणी	गलत कार्य : लोको पायलट को ट्रबलशूटिंग की सही जानकारी न होने के कारण अनावश्यक रूप से समयहानि हुयी।

12.0 मॉडिफिकेशन एवं निर्देश -

A. कन्वेंशनल लोको में शंटिंग के लिए लगे स्विच का विवरण

कन्वेंशनल लोको में शंटिंग के दौरान स्पीड को 15 kmph तक प्रतिबंधित करने हेतु HWH के लोको 22518 में नया स्विच HSM, TB बोर्ड पर लगाया गया है इसकी दो पोजीशन है।

1- समान्य ऑपरेशन

0- शंटिंग ऑपरेशन (स्पीड 15 kmph)

N.Rly.

नोट – सामान्य गाड़ी कार्य के दौरान यदि 15 kmph गति के बाद ऑटो रिग्रेशन मिले तो HSM स्विच का नार्मल पोजीशन पर होना सुनिश्चित करे।

निर्देश

B. निदेशक विद्युत इंजीनियरिंग (चल स्टॉक) रेलवे बोर्ड की मशीन रूम एवं HT कम्पार्टमेंट के सम्बन्ध में निर्देश निम्न प्रकार है।

गाड़ी परिचालन के दौरान रनिंग स्टाफ ALP/CO-LP को निर्देश दिए जाते है की कन्वेंशनल लोको पर गाड़ी कार्य के दौरान प्रत्येक न्यूट्रल सेक्शन को पार करने के बाद HT कम्पार्टमेंट/ मशीन रूम का निरिक्षण करेंगे हालांकि थ्री फेज लोको पर OEM की और से मशीन रूम का निरिक्षण के लिए कोई निर्देश नहीं है। फिर भी ALP/CO-LP को काउंसलिंग किया जाता था की। प्रत्येक न्यूट्रल सेक्शन के बाद मशीन रूम का निरिक्षण करे जिसमे LP ड्राइविंग कैब में अकेला रह जाता था , अतः संरक्षा को ध्यानं में रखते हुए ,अब प्रत्येक न्यूट्रल सेक्शन के बाद किये जाने वाले मशीन रूम/HT कम्पार्टमेंट के निरिक्षण की आवश्यकता नहीं है।

हालांकी शेड्यूल / अन शेड्यूल STOPAGE पर अंडर गियर का निरिक्षण करने के साथ साथ मशीन रूम/HT कम्पार्टमेंट का निरिक्षण भी अवश्य करे।

VSharma

(वीरेंदर कुमार शर्मा)

मु०लो०नि०/वि.प्र.के./गाजियाबाद

(सरताज कुमार)

(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 **दिनांक** ....

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।